बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी

बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी का जन्म हुआ था,
फूलों के थाल सजावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी की छठी पूजा थी,
लाल लंगोट पहनावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने चलना सीखा,
बजनी पायल पहनावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने बोलना सीखा,
राम ही राम रटावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने लिखना सीखा,
राम ही राम लिखावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने खाना सीखा,
चूरमे का भोग लगावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने लड़ना सीखो,
गधा के गधा घुमावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

जब बालाजी ने उड़ना सीखा,
पर्वत ही पर्वत गुमावे माता अंजनी,
बालाजी को लाड लडावे माता अंजनी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27582/title/balaji-ko-laad-ladave-mata-anjni

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |